प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उ0प्र0 लखनऊ।

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद–संत कबीरनगर।

पत्र सं0: एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एस0एस0–विजिट / 2019–20 / 3971 दिनांक 01-08-19

विषय– दिनांक 17 से 20 जुलाई ' 2019 तक राज्य स्तरीय दल द्वारा किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या प्रेषण।

महोदय,

अवगत कराना है कि राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण दल द्वारा दिनांक 17.07.2019 से दिनांक 20.07.2019 तक आपके जनपद में चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किये जाने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया तथा भ्रमण दल द्वारा चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही सेवाओं में सुधार लानै हेतु आवश्यक सुझाव दिये गये (भ्रमण आख्या संलग्न)।

आपसे अनुरोध है कि राज्य स्तरीय भ्रमण दल द्वारा पायी गयी कमियों का निराकरण कराते हुए 01 सप्ताह में अनुपालन आख्या प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

संलग्नः यथोक्त

भवदीय,

(पंकज कुमार)
मिशन निदेशक

पत्र सं0: एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एस0एस0–विजिट / 2019–20 / 3971-6 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0।
2. जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद संत कबीरनगर।
3. समस्त महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से कि अपने कार्यक्रम से सम्बन्धित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही हेतु जनपद को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण , मण्डल बस्ती।
5. मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक, एन0एच0एम0, बस्ती।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, जनपद, संत कबीरनगर को इस निर्देश के साथ कि पत्र के साथ संलग्न आख्या का अनुपालन करा कर ससमय अनुपालन आख्या इस कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

(डा0 उषा गंगवार)
महाप्रबंधक, मातृ स्वास्थ्य

जनपद संत कबीर नगर की सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की भ्रमण आख्या

भ्रमणकर्ता अधिकारी :–डा0 निशांत गौरव भारद्वाज,उपमहाप्रबंधक, एस.पी.एम.यू.–एन.एच.एम., लखनऊ।
श्री विनीत सिंह, सलाहकार, एस.पी.एम.यू.–एन.एच.एम., लखनऊ।

भ्रमण दिनांक :– **17 जुलाई से 20 जुलाई , 2019**

ब्लाक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– पौली

पर्यवेक्षण के बिन्दु	की गई कार्यवाही
• प्रसव कक्ष में NBCC नही बना है।रेडियंट वार्मर नर्स ड्यूटी रूम मे रखा हुआ है।	• रेडियंट वार्मर को प्रसव कक्ष मे अतिशीघ्र स्थापित कराने का सुझाव प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिया गया।
• प्रसव कक्ष में ए0सी0 नही लगाया गया है।	• प्रसव कक्ष में ए0सी0 की व्यवस्था हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी से अनुरोध किया गया।
• स्वास्थ्य केन्द्र पर दो LA तैनात है परन्तु कोई LT तैनात नही है।	• LT तैनात करने हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी से अनुरोध किया गया।
• स्वास्थ्य केन्द्र पर मोबाईल तथा इंटरनेट नेटवर्क कनेक्टिविटी अत्यन्त खराब है। डाटा इंट्री आपरेटर द्वारा खलीलाबाद जाकर डाटा इंट्री का कार्य किया जा रहा है।	• नेटवर्क कनेक्टिविटी हेतु महाप्रबंधक बी0एस0एन0एल0 के साथ पुनः पत्राचार करने का सुझाव दिया गया।
• प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि रोगी कल्याण समिति का नवीनीकरण जुलाई 2019 में हो गया है। इस वित्तीय वर्ष मे शासी निकाय व कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित नही की गयी है।	• रोगी कल्याण समिति की बैठके नियमित रुप से कराने का सुझाव दिया गया।
• रोगी कल्याण समिति के संबंध मे BCPM को कोई उत्तरदायित्व नही दिया गया है।	• रोगी कल्याण समिति की बैठको, अभिलेखीकरण व कार्ययोजना की प्राथमिक जिम्मेदारी BCPM को देने का सुझाव दिया गया।
• जे0एस0एस0के0 डाईट रजिस्टर मे 10 मई से 28 जून तक डाईट रिकार्ड अपडेट नही है।	• डाईट रिकार्ड को नियमित अपडेट करने का सुझाव दिया गया।
• जे0एस0एस0के0 सेवा प्रदाता एजेन्सी द्वारा भोजन मे सिर्फ दूध तथा ब्रेड दी जा रही है।	• मुख्य चिकित्साधिकारी से चर्चा की गयी। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि नया टेंडर किया जा रहा है।
• स्वास्थ्य केन्द्र के अन्तर्गत 12 उपकेन्द्र है। 5 उपकेन्द्र मे वित्तीय वर्ष 2018–19 में अन्टाइड फण्ड की धनराशि व्यय नहीं की गयी है। BPM व BAM द्वारा अवगत कराया गया कि SBI घनघटा के शाखा प्रबंधक के असहयोग के कारण ए0एन0एम0 के हस्ताक्षर बदले नही जा पा रहे है।	• SBI घनघटा के शाखा प्रबंधक के असहयोग के बारे मे एल0डी0एम0 व जिलाधिकारी के साथ पत्राचार करने का सुझाव मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया गया।
• ए0एन0सी0 व प्रसव रजिस्टर पर लाभार्थियो के MCTS कमांक अंकित नही किये जा रहे हैं।	• ए0एन0सी0 व प्रसव रजिस्टर पर लाभार्थियो के MCTS कमांक अंकित किये जाने का सुझाव प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिया गया।
• चिकित्सालय में उपलब्ध 108/102 के रजिस्टर को एम्बुलेंस के कर्मचारियों द्वारा भरा जा रहा है। रजिस्टर पर स्वास्थ्य केन्द्र के किसी अधिकारी/कर्मचारी के हस्ताक्षर नही हैं।	• 102 व 108 रजिस्टर स्वास्थ्य केन्द्र स्टाफ द्वारा ही भरा जाने का सुझाव उपस्थित स्टाफ व प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिया गया ।
• चिकित्सालय में खडी 102 एम्बुलेंस यू0पी0–55जी0 0142 कुल 386902 किमी चल चुकी है। एम्बूलेंस के कर्मचारियों द्वारा DBR/PCR की प्रति चिकित्सालय में उपलब्ध नहीं करायी जा रही है।	• राज्य स्तर से प्रेषित निर्देशो के अनुसार एम्बूलेंस की नियमित रूप से जॉच करायी जाने तथा उपकरणों की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता सुनिश्चित कराये जाने का सुझाव प्रभारी चिकित्साधिकारीको दिया गया।

	मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 9 पुरानी एम्बुलेंस को कंडम करने का प्रस्ताव सेवा प्रदाता एजेन्सी को भेजा गया है।
• स्वास्थ्य केन्द्र व एम्बुलेंस के कर्मचारियों द्वारा अवगत कराया गया कि 102 सेवा का फोन बीएसएनएल व एअरटेल के फोन से नही लगता है।	• महाप्रंबन्धक ई0एम0टी0एस अनुभाग को अवगत कराया गया।
• स्वास्थ्य केन्द्र मे स्थापित कोल्ड चेन प्वाइंट कार्यशील नही है। ILR खराब है। वर्तमान मे वैक्सीन हैसर बाजार कोल्ड चेन प्वाइंट से ली जा रही है।	• मुख्य चिकित्साधिकरी को अवगत कराया गया।
• BPM व BCPM द्वारा किये जा रहे सहयोगात्मक पर्यवेक्षण भ्रमण की आख्या नहीं बनायी जा रही है।	• BPM व BCPM को राज्य स्तर से प्रेषित निर्देश के अनुसार नियमित रूप से सहयोगात्मक पर्यवेक्षण करने एवं भ्रमण आख्या प्रभारी चिकित्साधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने का सुझाव दिया गया।
• टी0बी0 कार्ड पूर्ण रूप से नही भरे जा रहे हैं। जुलाई माह में निरीक्षण के समय तैंक बलगम की समस्त जॉच निगेटिव आई। इसके अतिरिक्त टी0बी0 नोटिफिकेशन लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षाकृत कम था।	• जनपद स्तर पर मुख्य चिकित्साधिकारी के अध्यक्षता में की गई समीक्षा बैठक में एस0टी0एल0एस0 तथा एस0टी0एस0 की समंवेदीकरण किया गया। LT तैनात करने हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी से अनुरोध किया गया।
• स्वास्थ्य केन्द्र मे BCG का बर्थ डोज सभी बच्चो को नही दिया जा रहा है। टीकाकरण हेतु कम से कम तीन बच्चे होने की दशा में ही BCG वैक्सीन का वायल खोला जाता है।	• सभी बच्चो को BCG का बर्थ डोज लगाने का सुझाव दिया गया।

उपकेन्द्र– शिवबखरी ब्लाक –पौली

पर्यवेक्षण के बिन्दु	की गई कार्यवाही
• उपकेन्द्र का भवन जर्जर स्थिति मे है। बरसात मे छत से पानी टपकता है।	• मुख्य चिकित्साधिकारी को सूचित भी किया गया।
• उपकेन्द्र मे इस वित्तीय वर्ष मे 14 प्रसव कराये गये है। सीलन बहुत अधिकए साफ–सफाई न होने, रंनिग वाटर न होना, टायलेट ब्लाक होना, विद्युत की उचित व्यवस्था न होने के कारण प्रसव के दौरान इन्फेक्शन होने का खतरा अधिक है।	• व्यवस्था होने तक उपकेन्द्र मे प्रसव न कराये जाने का सुझाव दिया गया

हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रोस्या बाजार

पर्यवेक्षण के बिन्दु	की गई कार्यवाही
• हेल्थ वेलनेस सेंटर पर बाहरी ब्रांड़िग करायी गयी है।	• हेल्थ वेलनेस सेंटर को यथाशीघ्र कियाशील कराये जाने का सुझाव मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय को दिया गया।
• प्रसव कक्ष में कैलिस पैड पंचर था तथा आक्सीटोसिन इंजेक्शन खुले मे रखा था।	• प्रभारी चिकित्साधिकारी को प्रसव कक्ष में मानक के अनुसार उपकरणो की व्यवस्था किये जाने का सुझाव दिया गया तथा आक्सीटोसिन को फ्रिज मे रखने का सुझाव दिया गयां

--3

• प्रसव कक्ष तथा वार्ड मे इंवर्टर का कनैक्शन नही है।	• प्रसव कक्ष, तथा वार्ड मे इंवर्टर का कनैक्शन कराने का सुझाव दिया गया।
• वेटिंग एरिया मे पंखे नही है।	• वेटिंग एरिया मे पंखो की व्यवस्था कराने तथा इंवर्टर का कनैक्शन का सुझाव दिया गया।
• चिकित्सालय मे पीने के पानी की व्यवस्था नही है।	• चिकित्सालय मे पीने के पानी की व्यवस्था कराये जाने का सुझाव दिया गया।
• चिकित्सालय मे मरीजो हेतु कोई भी शौचालय कियाशील नही है।	चिकित्सालय मे शौचालयो की मरम्मत करा यथाशीघ्र कियाशील कराने का सुझाव दिया गया।
• चिकित्सालय में बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण हेतु एजेंसी द्वारा सेवा प्रदान नहीं की जा रही है।	• बायोमेडिकल वेस्ट हेतु हायर एजेंसी की सेवाएं उपलब्ध करायी जाने का अनुरोध मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय से किया गया।
• चिकित्सालय में उपलब्ध 108/102 के रजिस्टर को एम्बुलेंस के कर्मचारियों द्वारा भरा जा रहा है। एम्बूलेंस के कर्मचारियों द्वारा DBR/PCR की प्रति चिकित्सालय में उपलब्ध नहीं करायी जा रही है। • 102 एंबूलेंस UP 41 GB 2041का ए0सी0 खराब है।	• 102 व 108 रजिस्टर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्टाफ द्वारा ही भरा जाने तथा राज्य स्तर से प्रेषित निर्देशो के अनुसार एम्बूलेंस की नियमित रूप जॉच करायी जाने का सुझाव संबंधित स्टाफ व प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिया गया ।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम– आगंनवाड़ी केन्द्र, प्राथमिक विद्यालय पडरिया ब्लाक –पौली

पर्यवेक्षण के बिन्दु	की गई कार्यवाही
• विद्यालय में आर0बी0एस0के0 की टीम ए उपस्थित थी ।	
• आंगनवाड़ी केन्द्र मे 58 बच्चे पंजीकृत है जिसमे से 52 बच्चे उपस्थित थे।	• **संतोषजनक**
• एक बच्चे को caries हेतु रेफर किया गया।	• **संतोषजनक**
• रजिस्टर में बच्चों के अभिभावक के Contact No का कालम नहीं भरा जा रहा था।	• रजिस्टर में समस्त सूचनाएं अंकित करने का सुझाव टीम को दिया गया।

नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मगहर

पर्यवेक्षण के बिन्दु	की गई कार्यवाही
• स्वास्थ्य केन्द्र नगर पंचायत के भवन मे संचालित है जिसका किराया नगर पंचायत को दिया जा रहा है। चिकित्सालय के भवन की स्थिति व साफ सफाई अच्छी थी। स्वास्थ्य केन्द्र की औसत ओ0पी0डी0 150 मरीज प्रतिदिन है।	-
• स्वास्थ्य केन्द्र मे गत माह में 6 प्रसव कराये जा चुके है। स्टाफ नर्स एस0बी0ए0 या दक्षता में प्रशिक्षण प्राप्त नहीं है।	• प्रभारी चिकित्साधिकारी व शहरी स्वास्थ्य समन्वयक को सुझाव दिया गया कि प्रसव कक्ष में तैनात सभी स्टाफ नर्स को आवश्यक प्रशिक्षण(एस0बी0ए0 या दक्षता) प्रदान कराया जाये।

--4

• नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का पंजीकरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मे किया जा चुका है, परन्तु बायो मेडिकल वेस्ट ऐजेन्सी द्वारा वेस्ट कलेक्शन की व्यवस्था अभी नही है। वर्तमान मे बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण नगर पंचायत द्वारा किया जा रहा है।	• मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय से स्वास्थ्य केन्द्र पर बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण की उचित व्यवस्था कराये जाने का अनुरोध किया गया।
• चिकित्सालय परिसर मे नगर पंचायत द्वारा शौचालय काम्प्लेक्स का निर्माण कराया गया है तथा इसका रखरखाव भी कराया जा रहा है	
• नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के रूप मे चिन्हित किया गया है। बाहरी ब्रांड़िग कार्य हो चुका है। कम्पयूटर व प्रिंटर उपलब्ध है। प्रिंटर मे स्कैनर नही है।	• हेल्थ वेलनेस सेंटर हेतु प्रिंटर विद स्कैनर उपलब्ध कराये जाने का सुझाव मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय को दिया गया।
• प्रभारी चिकित्साधिकारी का प्रशिक्षण एन0सी0डी0 मे हो चुका है तथा उनके द्वारा डायबिटीज, हाईपरटेन्सन व ओरल कैन्सर की स्क्रीनिंग की जा रही है।	• ए0एन0एम0, स्टाफ नर्स व आशा का एन0सी0डी0 प्रशिक्षण यथाशीघ्र कराये जाने का अनुरोध मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय से किया गया।
• नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मे टी0बी0 की जांच नही हो रही है।	• फार्मासिस्ट व लैब टेक्नीशियन का इस हेतु प्रशिक्षण कराये जाने व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को डाट केन्द्र के रूप मे विकसित करने का सुझाव मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय को दिया गया।
• चिकित्सालय मे कंडोम बाक्स नही है।	• कंडोम बाक्स लगाने का सुझाव दिया गया।

जिला महिला चिकित्सालय, संत कबीर नगर–

पर्यवेक्षण के बिन्दु	की गई कार्यवाही
• ए0एन0सी0 रजिस्टर व प्रसव पंजिका मे गर्भवती महिला की आर0सी0एच0 आई0डी0 अंकित नही की जा रही है।	• आर0सी0एच0 आई0डी0 अंकित करने का सुझाव दिया गया।
• ओ0टी0 मे आपरेशन टेबल की हाईड्रोलिक खराब है तथा GA Trolly Para-1 है।	• आपरेशन टेबल व GA Trolly बदलने हेतु संबंन्धित से पत्राचार करने का अनुरोध किया गया।
• एन0आर0सी0 मे गत माह 96 बच्चो को भर्ती किया गया।	
• पीकू मे हाई वोल्टेज के कारण 2 वेंटीलेटर, 5 इनफ्यूजन पंप व 6 मानीटर खराब हो गये है।	• खराब उपकरणो को शीघ्र ठीक कराने व स्टैबजाईजर लगाने का सुझाव दिया गया।
• एई0एस0–जे0ई0 के 04 मरीजों की लैब जॉच लंबित थी।	• मुख्य चिकित्साअधिक्षक को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया।
• एस0एन0सी0यू0 मे 3 मानीटर व आक्सीजन कन्सनट्रेटर खराब है। एक्स रे मशीन उपलब्ध है परन्तु इसका उपयोग नही हो रहा है।	• खराब उपकरणो को शीघ्र ठीक कराने का सुझाव दिया गया।
• एस0एन0सी0यू0, पीकू व एन0आर0सी0 मे एक शिफ्ट मे एक ही चिकित्सक की ड्यूटी रहती है तथा एस0एन0सी0यू0 व पीकू मे एक ही सर्पोट स्टाफ तैनात है।	• एस0एन0सी0यू0 व पीकू हेतु अलग–अलग सर्पोट स्टाफ की तैनाती किये जाने का अनुरोध मुख्य चिकित्साधीक्षक महोदय से किया गया।

• रोगी कल्याण समिति की कार्यकारी समिति की बैठक की जा रही है परन्तु शासी निकाय की बैठक नही हुई है। अनटाईड फंड का कोई व्यय इस वित्तीय वर्ष मे नही किय गया है।	• रोगी कल्याण समिति द्वितीय की शासी निकाय की बैठक नियमित रूप से प्रत्येक त्रैमास मे कराने का सुझाव दिया गया।
• जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत गत वर्ष के 266 लाभर्थियों की भुगतान धनराशि कमिट करायी गयी था। जिसमे से 22 लाभार्थियो को भुगतान किया जा चुका है तथा 28 का भुगतान प्रकियान्तर्गत है।	• जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत गत वर्ष के लाभर्थियों की ब्लाक वार सूची बनाकर मुख्य चिकित्साधिकारी के माध्यम से ब्लाक स्तरीय प्रभारी चिकित्साधिकारियों को प्रेषित किये जाने का सुझाव दिया गया। जिससे फार्म मे पायी जा रही कमियो को दूर कराया जा सके।
• 100 बेडड एम0सी0एच0 विंग का निर्माण पूर्ण हो गया है परन्तु हस्तांतरण की कार्यवाही लंबित है।	

ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस– बडगो , उपकेन्द्र–बडगो, ब्लाक – खलीलाबाद

पर्यवेक्षण के बिन्दु	की गई कार्यवाही
• सत्र स्थल पर एन0एम0एम0 एवं आशा उपस्थित थी तथा टीकाकरण किया जा रहा था। डुयू लिस्ट उपलब्ध थी।	
• हीमोग्लोबिन टेस्ट स्ट्रिप मई 2019 मे expire हो गयी थी	• हीमोग्लोबिन टेस्ट स्ट्रिप उपलब्ध कराने हेतु सुझाव दिया गया।
• सत्र स्थल पर ए0एन0सी0 हेतु गोपनीयता तो थी परन्तु बेंच या तख्त की व्यवस्था नही थी। ए0एन0सी0 चटाई पर की जा रही थी।	• प्रसव पूर्व जॉच हेतु बेंच या तख्त की व्यवस्था करने का सुझाव ए0एन0एम0 को दिया गया।
• सत्र स्थल पर बाहर रखी पोलियो वैक्सीन का VVM 4th grade था।	• ए0एन0एम0 को ऐसी वैक्सीन को discard करने का सुझाव दिया गया व डी0आई0ओ0 को अवगत कराया गया।

शहरी स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस– पठानटोला

पर्यवेक्षण के बिन्दु	की गई कार्यवाही
• सत्र स्थल पर एन0एम0एम0 एवं आशा उपस्थित थी तथा टीकाकरण किया जा रहा था। डुयू लिस्ट उपलब्ध थी।	
• सत्र स्थल पर ए0एन0सी0 हेतु गोपनीयता थी	
• गृह भ्रमण के दौरान संज्ञान मे आया कि एक महिला श्रीमती जोखना, का गत वर्ष गर्भपात हो गया था। फिर से गर्भवती होने के बाद भ्रांतिवश वह टीकाकरण नही करा रही थी।	• राज्य भ्रमण दल द्वारा श्रीमती जोखना व उनकी सास को उनके घर जाकर प्रेरित किया गया व भ्रान्तियों को दूर कर ए0एन0सी रजिस्ट्रेशन व टी0टी0 टीकाकरण कराया गया।

भ्रमण उपरान्त मुख्य चिकित्साधिकारी, की अध्यक्षता में समस्त नोडल अधिकारी, मुख्य चिकित्साधीक्षक व अन्य कार्यक्रम अधिकारियो, एन0एच0एम0 के समस्त जनपद अधिकारियों के साथ बैठक कर भ्रमण के उपरोक्त बिंदुओं पर चर्चा की गयी तथा मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया।

क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अर्न्तगत जुलाई माह तक निःक्षय नोटिफिकेशन 2385 के लक्ष्य के सापेक्ष 1253 है जोकि अत्यत असंतोषजनक है। इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में जिला क्षय रोग अधिकारी व जनपद के समस्त एस0टी0एस0 एवं एस0टी0एल0एस0, डी0पी0सी0 एवं पी0पी0एम0 के साथ समस्त इंडीकेटरो पर समीक्षा बैठक कर सुधार लाने हेतु आवश्यक सुझाव दिये गये।

31/07/19 31/07/19.